प..क्षे-.II/लोक सूचना/2021/00003 दिनांक : 27/01/2021

सेवा में,
श्री अखिलेश त्रिपाठी
ई-8/62, एस-2, स्वस्तिक अपार्टमेंट-2,
त्रिलंगा, भोपाल – 462 039, मध्यप्रदेश.

विषय : सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत मांगी गयी जानकारी के संबंध में ।

महोदय,

सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आपके द्वारा प्रेषित पत्र, इस कार्यालय में के.लो.सू. के द्वारा दिनांक 04/01/2021 को प्राप्त हुआ है। आवेदन पत्र में मांगी गयी जानकारी इस पत्र के साथ संलग्न प्रेषित है।

यदि आप केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी के उत्तर से संतुष्ट न हों तो, CPIO के उत्तर की प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर अपीलिय अधिकारी के सम्मुख अपील कर सकते हें । आरटीआई अधिनियम, 2005 के तहत अपीलिय अधिकारी का नाम और पता निम्मानुसार है ।

श्री शंकर दत्त जोशी, अपीलीय अधिकारी,
पावर ग्रिड कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड,
प्लाट न-.54, अम्बे विद्यालय के सामने, समा-सावली रोड,
वडोदरा – 390 024 (गुजरात).

धन्यवाद सहित,

अभिनव वर्मा 27/1/21
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
पश्चिम क्षेत्र – II, वडोदरा

संलग्न : यथोपारि

**प्रतिलिपि: -**

1. कार्यपालक निदेशक (प.क्षे-.II), वड़ोदरा – सादर सूचनार्थ
2. वरिष्ठ महाप्रबंधक (सतर्कता), प.क्षे.- II

दिनांक Date: 27.01.2021

सूचना के अधिकार नियम 2005 के अंतर्गत जानकारी के तहत निम्नलिखित प्रार्थी द्वारा मांगी गयी बिन्दुवार जानकारी निम्नलिखित है ।

This has reference to the RTI received from Mr. Akhilesh Tripathi having Reg. no PGCIL/R/E/21/00003.

| क्र.सं. | मांगी गयी जानकारी | मानव संसाधन विभाग द्वारा प्रेषित जानकारी/जवाब |
|---|---|---|
| 1 | पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड भोपाल में दिसंबर 2020 तक अर्धशासकीय/ दैनिक वेतन/ अनुबंधित समस्त पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन की सत्यापित प्रति प्रदान करें। | लागू नहीं है। चूंकि पावरग्रिड, भोपाल से ऐसी कोई भर्ती नहीं की गई है। |
| 2 | पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड भोपाल में दिसंबर 2020 तक समस्त पदों पर नियुक्ति के लिए तैयार किए जाने वाले पैनल हेतु प्राप्त समस्त आवेदन पत्र बायोडाटा एवं संलग्न आवश्यक प्रमाण पत्रों की सूची प्रदान करें। | वांछित सूचना तीसरे पक्ष से संबंधित है और आरटीआई अधिनियम की धारा 8 (1) (जे) के तहत प्रदान नहीं की जा सकती है। इसके अलावा, आवेदक ने इस जानकारी को सार्वजनिक हित में सिद्ध नहीं किया है। |
| 3 | पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड भोपाल में दिसंबर 2020 तक समस्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित समस्त नोटशीट के प्रत्येक पृष्ठ की एवं संबंधित समस्त पत्राचार की सत्यापित प्रति प्रदान करें। | वांछित सूचना तीसरे पक्ष से संबंधित है और आरटीआई अधिनियम की धारा 8 (1) (जे) के तहत प्रदान नहीं की जा सकती है। इसके अलावा, आवेदक ने इस जानकारी को सार्वजनिक हित में सिद्ध नहीं किया है। |
| 4 | पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड भोपाल में दिसंबर 2020 तक समस्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया हेतु गठित छानबीन समिति का प्रतिवेदन एवं क्रमवार वरीयता योग्यता सूची की सत्यापित प्रति प्रदान करें। | लागू नहीं है। चूंकि पावरग्रिड, भोपाल से ऐसी कोई भर्ती नहीं की गई है। |
| 5 | पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड भोपाल में दिसंबर 2020 तक समस्त पदों पर नियुक्ति हेतु पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड भोपाल द्वारा संबंधित मंत्रालय को भेजे गए प्रस्ताव के सत्यापित प्रति प्रदान करें। | लागू नहीं है। चूंकि पावरग्रिड, भोपाल से ऐसी कोई भर्ती नहीं की गई है। |
| 6 | पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड भोपाल में दिसंबर 2020 तक समस्त पदाधिकारियों की समस्त पदों की नियुक्ति का आदेश एवं प्रकाशित सूचना की सत्यापित प्रति प्रदान करें। | वांछित सूचना तीसरे पक्ष से संबंधित है और आरटीआई अधिनियम की धारा 8 (1) (जे) के तहत प्रदान नहीं की जा सकती है। इसके अलावा, आवेदक ने इस जानकारी को सार्वजनिक हित में सिद्ध नहीं किया है। |

(मिथिलेश कुमार) 27/1

वरि. महाप्रबंधक (मा.सं.)